भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 843
जिसका उत्तर बुधवार 23 नवंबर, 2016 को दिया जाना है

सीमेन्ट कारखानों का बंद होना

843. श्री बसावाराज पाटिल:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार के नियंत्रण में कुल कितने सीमेन्ट कारखाने हैं, इनमें से कितने रुग्ण हैं, और कितने प्रचालन में हैं, इनकी उत्पादन क्षमता कितनी थी और कितनी है;

(ख) इस दौरान कितने निजी उद्योग इस क्षेत्र में आए हैं और इनकी वर्तमान उत्पादन क्षमता कितनी है; और

(ग) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों और कई सीमेन्ट कारखानों के बंद होने के क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार के केन्द्रीय नियंत्रण में केवल सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड है जिसकी कुल स्थापित क्षमता 38.93 लाख मीट्रिक टन है। 10 संयंत्रों में से 7 संयंत्र प्रचालन में नहीं हैं जिनकी कुल स्थापित क्षमता 24.47 लाख मीट्रिक टन है।

वर्तमान में कुल 14.46 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाले तीन संयंत्र प्रचालनाधीन हैं - 2.48 लाख मीट्रिक टन स्थापित क्षमता के साथ हिमाचल प्रदेश में राजबन, 1.98 लाख मीट्रिक टन स्थापित क्षमता के साथ असम में बोकाजन और 10.0 लाख मीट्रिक टन स्थापित क्षमता के साथ तेलंगाना में तांदुर।

(ख): यह सूचना इस विभाग में नहीं रखी जा रही है।

(ग): सीसीआई के अप्रचालनाधीन सात संयंत्र मुख्य रूप से पुरानी प्रौद्योगिकी, स्थानिक प्रतिकूल परिस्थितियों तथा प्रचालन के निम्न स्तर के कारण रुग्ण हो गए हैं।

******